# पुताई के बहाने घर में घुसे, लाखों के जेवर पार, दो गिरफ्तार

## ऑनलाइन गेमिंग और अय्याशी के लिए करते थे चोरी, 25 लाख का माल और एक्टिवा जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में पुताई के नाम पर घरों में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से करीब 25 लाख रुपए कीमत के सोने के जेवर और एक एक्टिवा वाहन बरामद कर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.**



पुलिस उपायुक्त जोन 2 कुमार प्रतीक ने बताया कि कनाडिया थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात में आरोपियों ने पुताई का ठेका लेकर घर की चाबी हासिल की और मौका पाकर अंदर रखे जेवरात चोरी कर लिए. घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की. जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसके आधार पर संदिग्धों की पहचान कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पुताई का काम करने के बहाने घरों की रेकी करते थे और फिर सुनसान समय में चोरी को अंजाम देते थे. डीसीपी के मुताबिक आरोपी ऑनलाइन गेमिंग और अपनी अय्याशी के खर्च पूरे करने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे. गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 150 ग्राम सोने के जेवर, जिनमें चूड़ियां, अंगूठियां, मंगलसूत्र, चेन, पेंडल सहित अन्य आभूषण शामिल हैं, जब्त किए हैं. साथ ही घटना में प्रयोग एक्टिवा स्कूटी भी बरामद की गई है. फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है.

> **सराहनीय भूमिका निभाने वाली टीम**
>
> थाना प्रभारी कनाडिया सहर्ष यादव के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया. टीम में प्र.आर. पुनीत चौबे, आरक्षक जंगजीत जाट, मनोज पटेल, अमित भदौरिया, रामभजन गुर्जर, नीरज जाट, शुभम कटारे तथा साइबर सेल जोन-2 के प्रवीण सिंह की अहम भूमिका रही.

# युवक ने जहर खाने के बाद लगाई फांसी

### *दो साल पहले हुई थी शादी*

**इंदौर.** खुडैल थाना क्षेत्र में एक युवक ने पहले जहर खाकर और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार घटना पीवडाय ग्राम की है, जहां 27 वर्षीय युवक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करता था. शुरुआती जांच में सामने आया कि युवक ने रात में सल्फास खाया और बाद में दूसरे घर जाकर फांसी लगा ली. सुबह परिजनों को घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं. मृतक की शादी करीब दो साल पहले हुई थी और उसकी कोई संतान नहीं थी. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.



# ब्रिज पर टक्कर के बाद युवक नीचे गिरा, इलाज के दौरान मौत

▸ **अज्ञात वाहन चालक हुआ फरार, पुलिस कर रही हैं सीसीटीवी से तलाश जारी**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर के भंवरकुआ क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद युवक ब्रिज से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया था. अस्पताल में उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है. थाना प्रभारी संतोष दुधी ने बताया कि हादसा भंवरकुआ ब्रिज पर हुआ, जहां पैदल जा रहे 40 वर्षीय व्यक्ति को तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सीधे ब्रिज के नीचे सड़क पर जा गिरा. गिरने से उसके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई थी. घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. आसपास मौजूद लोगों ने घायल को देखा और तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की. एंबुलेंस समय पर नहीं मिलने के कारण पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया. एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके.



# महू से सांवेर तक तेंदुए की दहशत, आपसी संघर्ष में मादा तेंदुए की मौत

▸ **गांवों में तलाश जारी, मजदूर पर किया था हमला**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिले में महू से लेकर सांवेर तहसील के गांवों तक तेंदुए की मौजूदगी और हमलों से दहशत का माहौल बना हुआ है. एक ओर जहां महू क्षेत्र में आपसी संघर्ष में मादा तेंदुए की मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर सांवेर के गांवों में वन विभाग की टीम दिनभर तेंदुए के मूवमेंट के सबूत तलाशती रही.**

डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि महू फॉरेस्ट रेंज के आशापुरा बीट के जंगल में लगभग 18 महीने की मादा तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष में हुई. बड़े तेंदुए ने उसकी गर्दन दबोचकर सांस की नली तोड़ दी, जिससे उसकी मौत हो गई. मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम वेटनरी डॉक्टरों की मौजूदगी में करवा कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है. मामले में पूरी जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी है. उधर, सांवेर तहसील के सिलोटिया और सल्लूखेड़ी गांवों में वन विभाग की टीम दिनभर तेंदुए के पंजों के निशान और अन्य सबूत तलाशती रही. टीम ने किसानों से बातचीत कर उनके बयान दर्ज किए और सल्लूखेड़ी में पिंजरे में जानवर रखकर निगरानी की व्यवस्था की. विभाग ने सांवेर क्षेत्र के गांवों में निगरानी और गश्त के लिए टीमों की ड्यूटी लगा दी है.





### एक नजर में

## गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ, किसानों का स्वागत



**महू.** क्षेत्र में गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जहां किसानों का सम्मान कर उपार्जन प्रक्रिया और समय पर भुगतान की जानकारी दी गई। तेलीखेड़ा स्थित उपार्जन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों का तिलक, माला और मिठाई से स्वागत किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक उषा ठाकुर मौजूद रहीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है. गेहूं उपार्जन की पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सरकार की प्राथमिकता है. कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, वरिष्ठ नेता कचनसिंह चौहान, वीरेन्द्र आजना, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, नायब तहसीलदार राधावलभ धाकड़, बिरबल डावर, नवीन तिवारी, महादेव मुवेल, सीमा जैन, मनोज वर्मा, रायबहादुर तंवर, सुभाष पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पवार, मुकेश जरिया, लालसिंह पटेल, धरमचन्द्र कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे. संचालन महेश यादव ने किया, जबकि आभार महादेव मुवेल ने व्यक्त किया.

## महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म जयंती मनाई



**महू.** महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज सुधार के कार्यों को याद किया. महू विधानसभा कांग्रेस कमेटी द्वारा सात रास्ता स्थित महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उनके समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया. कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेंद्र सिंह चौहान, सेवादल शहर अध्यक्ष नरेश जोशी, उपाध्यक्ष मुन्ना वर्मा, पूर्व सेवादल अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, पवन मुकाती, शुभम जैन, दीनदयाल बैरागी, पिंटू डीडवानिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव प्रारंभ

**महू.** महू गांव के शांतिनगर स्थित श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव की शुरुआत पंचकुंडीय यज्ञ और विष्णुसहस्त्रनाम पाठ के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं. नगर परिषद महूगांव के शांतिनगर स्थित श्री श्याम मंदिर में वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ आचार्य पंडित यश शर्मा के सानिध्य में किया. इस दौरान पंचकुंडीय यज्ञ एवं विष्णुसहस्त्रनाम के साथ विशेष हवन का आयोजन हो रहा है, जिसमें 50 से अधिक जोड़े एक साथ भाग लेकर एक ही दिन में सवा लाख आहुतियां अर्पित करेंगे. समिति अध्यक्ष अमित चौधरी के अनुसार, मंदिर में गत वर्ष प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी और यहां खाटू धाम की तर्ज पर प्रतिदिन मंगला, श्रृंगार, भोग, संध्या और शयन की पांच आरतियां नियमित रूप से की जाती हैं. पूजा अर्चना मुख्य पुजारी प्रकाश बिरला, शुभम मोरोलिया, हितेश अहीरवाल एवं पंकज लकड़हारे द्वारा कराई जाती है. वहीं मंदिर समिति के संरक्षक पंडित विकास विजय शर्मा ने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बनने के साथ सामाजिक समरसता का उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है, जहां सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है. महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे.

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, कोर्ट ने दी आरोपी को 10 साल की सजा

▸ **तीन माह तक किया शोषण, कोर्ट बोली ऐसे मामलों में सख्त दंड जरूरी**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिला कोर्ट ने विवाह का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. अदालत ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए कड़ी टिप्पणी भी की.**

मामले में सामने आया कि पीड़िता की आरोपी से पहचान वर्ष 2021 में एक जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई थी. इसके बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और युवती इंदौर आकर रहने लगी. कुछ समय बाद आरोपी ने नौकरी की जरूरत बताई, जिस पर युवती ने उसे अपने संपर्कों के जरिए एक फर्नीचर फैक्ट्री में काम दिलवाया. करीब एक माह बाद कार्यस्थल पर विवाद होने पर युवती ने नौकरी छोड़ दी और जबलपुर लौटने की तैयारी करने लगी. इसी दौरान आरोपी ने उसे रोककर शहर में किराए का कमरा दिलवाया और खुद भी उसके साथ रहने लगा. इस दौरान आरोपी ने शादी का वादा कर युवती के साथ लगातार करीब तीन माह तक शारीरिक संबंध भी बनाए. बाद में वह अचानक जबलपुर चला गया. संपर्क करने पर उसने बताया कि उसकी सगाई पहले से तय है और वह विवाह नहीं कर सकता. परिजनों ने भी शादी से साफ इंकार कर दिया. धोखा सामने आने के बाद पीड़िता ने आजाद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पूरी कर कोर्ट में चालान पेश किया. सुनवाई के दौरान साक्ष्य और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाया. कोर्ट ने 10 अप्रैल को आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई. मामले में शासन की ओर से एजीपी जयंत दुबे ने पैरवी की.

> **कोर्ट ने माना गंभीर अपराध...**
>
> अदालत ने अपने फैसले में कहा कि विवाह का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है. ऐसे मामलों में नरमी बरतना समाज के लिए घातक हो सकता है, इसलिए दोषियों को कड़ी सजा देना जरूरी है ताकि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके.

# उधारी विवाद में चाकूबाजी करने वाले दो नाबालिग और एक आरोपी गिरफ्तार

▸ **मारपीट कर जान से मारने की धमकी, भागने के दौरान आरोपी घायल**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** तिलक नगर थाना क्षेत्र में उधारी के पैसे को लेकर हुए विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी और दो अपचारियों को गिरफ्तार किया है. घटना में घायल आरोपी को भागने के दौरान चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया.

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि घटना सोमवार 6 अप्रैल की सुबह कनाडिया रोड स्थित संविद नगर क्षेत्र में हुई थी. फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह इलाके में खड़ा था, तभी तीन युवक बाइक से आए और एक अन्य युवक से पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे. विरोध करने पर मुख्य आरोपी ने चाकू निकालकर हमला कर दिया, जबकि साथियों ने पत्थरों से मारपीट की. हमले के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए थे. मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की. इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी और दो नाबालिग को पकड़ लिया लिया था. पूछताछ में सामने आया कि विवाद उधारी के पैसों को लेकर था. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग हथियार भी जब्त किया है.



# पति से विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी, अस्पताल में मौत

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पति उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि घटना गौरी नगर की है, जहां महिला ने शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगा ली. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना से पहले पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. पति के अनुसार विवाद के बाद वह अपनी बेटी को लेकर कुछ समय के लिए बाहर चला गया था. लौटने पर घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला. काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो शक हुआ. आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया, जहां महिला फंदे पर लटकी मिली. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है.

# 3 किलो गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर. छत्रीपुरा पुलिस ने हॉट स्पॉट चेकिंग के दौरान तीन किलो गांजे के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है. जब्त गांजे की कीमत करीब 1.50 लाख रुपए आंकी गई है. पुलिस आरोपी आरोपी से पूछताछ कर रही है.**

थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि कमिश्नर के निर्देश पर शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीसीपी जोन 4 आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर शुक्रवार को गंगवाल बस स्टैंड पर हॉट स्पॉट और संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान पुलिस टीम को एक महिला संदिग्ध हालत में दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर भागने लगी, घेराबंदी कर उसे पकड़ा. महिला प्रधान आरक्षक माया परमार द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास रखी कपड़े की पोटली से तीन किलो गांजा बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी की पहचान रानी उम्र 28 साल निवासी मटन वाली गली, लाबरिया भैरू के रूप में हुई. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ के स्त्रोत के बारे में पूछताछ कर रही है.



**एक नजर में** ▸ **एमटीएच में 210 लीटर दूध डोनेट, नवजात मृत्यु दर में आई बड़ी कमी**

# मिल्क बैंक बना रोल मॉडल, 1 हजार नवजातों को मिला जीवन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के सरकारी एमटीएच में संचालित मदर मिल्क बैंक प्रदेश ही नहीं, देश में भी रोल मॉडल बन गया है. वर्ष 2023 से शुरू इस सेंटर के जरिए अब तक 1 हजार से अधिक नवजातों को जीवनदान मिल चुका है, वहीं 210 लीटर से ज्यादा दूध डोनेट किया है.**



डीन डा घंघोरिया ने बताया कि मदर मिल्क बैंक की शुरुआत नवजातों को समय पर मां का दूध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी. खासकर प्रीमैच्योर, बीमार या अनाथ बच्चों के लिए यह सुविधा जीवनरक्षक साबित हो रही है. पिछले दो वर्षों में यहां 15 हजार से अधिक प्रसूताओं की काउंसलिंग की गई, जिसमें से 1 हजार से ज्यादा महिलाओं ने स्वेच्छा से दूध दान किया. एमटीएच प्रबंधन के अनुसार मिल्क बैंक शुरू होने के बाद नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है. पहले जहां यह दर करीब 25 प्रतिशत थी, अब घटकर 11 प्रतिशत तक पहुंच गई है और कई बार यह 10 प्रतिशत से भी कम दर्ज की गई. वहीं नवजातों का डिस्चार्ज रेट बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया है. प्रदेश का यह पहला मदर मिल्क बैंक मालवा निमाड़ ही नहीं, बल्कि राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से आने वाले नवजातों के लिए भी मददगार साबित हो रहा है. यहां 150 बेड की मातृ सुविधा और करीब 60 बेड की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) उपलब्ध है, जहां गंभीर बच्चों का इलाज किया जाता है.

> डॉक्टर घनघोरिया ने बताया कि कई बार मां की मृत्यु, बीमारी या अन्य कारणों से नवजात को मां का दूध नहीं मिल पाता, जिससे संक्रमण और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे में मदर मिल्क बैंक से उपलब्ध कराया गया दूध इन बच्चों के लिए जीवनदान साबित होता है. नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा इस मॉडल की लगातार समीक्षा की जा रही है और अब प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में भी इसी तरह के मदर मिल्क बैंक स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इंदौर का यह सेंटर प्रदेश के लिए एक आदर्श के रूप में उभरकर सामने आया है.

# ट्रैफिक ड्यूटी में बाधा डाल होमगार्ड से की अभद्रता, युवक व साथियों पर केस

▸ **बैरिकेड्स तोड़े, वर्दी पकड़कर झूमाझटकी; सुपर कॉरिडोर पर हुआ विवाद**

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान एक होमगार्ड जवान से अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में एक युवक और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि घटना शुक्रवार रात सुपर कॉरिडोर क्षेत्र की है, जहां रॉन्ग साइड वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी. इसी दौरान कार से पहुंचे युवक ने जबरन बंद मार्ग में वाहन घुसाने की कोशिश की और विरोध करने पर बैरिकेड्स को लात मारकर गिरा दिया. आरोपी ने खुद को अरुण गोस्वामी बताते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान की वर्दी पकड़ ली और झूमाझटकी की, जिससे बटन टूट गए और चश्मा गिर गया. मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के सामने भी वह धमकाने लगा. मामले में होमगार्ड जवान की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.